# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

**अपील संख्या :– 6196/2022**

अशोक कुमार **–अपीलार्थी**

**बनाम**

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, झुंझुनू।
5. नवीन कुमार वर्तमान पदस्थापित राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, कांकडा, जिला झुंझुनू।

**–प्रत्यर्थीगण**

**प्रस्तुतिकरण की दिनांक** : 01.12.2022
**आदेश की दिनांक** : 14.12.2022

**उपस्थित –**
**अपीलार्थी की ओर से** : श्री अनिल महला, अभिभाषक
**प्रत्यर्थी विभाग की ओर से** : श्री गौरव सिंह, राजकीय अधिवक्ता

**समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)**
**शुचि शर्मा, सदस्य**

## आदेश

मामले की आवश्यक प्रकृति को देखते हुए राजस्थान सिविल सेवा (सेवा मामलों के लिए अपीलीय अधिकरण) अधिनियम–1976 की धारा–4ए के उपबन्ध में शिथिलता प्रदान करने की प्रार्थना स्वीकार कर अपील पर सुनवाई की गई।

अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता ने अपील में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह तर्क दिया है कि अपीलार्थी वर्तमान में वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड द्वितीय के पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कांकडा, जिला झुंझुनू में कार्यरत है। अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता का कथन है कि आलोच्य आदेश दिनांक 28.10.2022 (अनुलग्नक–1) के द्वारा अपीलार्थी का स्थानान्तरण वर्तमान पदस्थापन स्थान से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालेरा, जिला चूरू किया गया है तथा आदेश दिनांक 03.11.2022 (अनुलग्नक–2) के द्वारा अपीलार्थी को कार्यमुक्त कर दिया गया। उनका कथन है कि अपीलार्थी की पदोन्नति उपरांत उसे वर्ष 2016 में वर्तमान पदस्थापन स्थान पर पदस्थापित किया गया था, फिर भी निजी प्रत्यर्थी संख्या 5 को अपीलार्थी के स्थान पर समंजित करने के उद्देश्य से अपीलार्थी का स्थानान्तरण वर्तमान पदस्थापन स्थान से 150 कि.मी. दूर कर दिया गया है, जो स्थानान्तरण

